सार-समाचार

एंबुलेंस चालकों के बीच मारपीट

इंदौर। जिला अस्पताल परिसर में मरीजों को ले जाने को लेकर एंबुलेंस चालकों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस के अनुसार, रामानंद नगर निवासी रामनिवास पिता मांगीलाल कनेरे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे अपनी एंबुलेंस लेकर जिला अस्पताल गए थे। अस्पताल परिसर में एक मरीज के परिजनों ने मरीज को ले जाने के संबंध में उनसे बातचीत की थी और सहमति बनने पर वे अपनी एंबुलेंस आगे बढ़ाने लगे। इसी दौरान वहां दूसरी एंबुलेंस चलाने वाले अन्य चालक भूरा प्रजापत, आकाश सैनी और हेमराज वहां आ धमके। उन्होंने रामनिवास को रोककर आपत्ति जताई और गुस्से में कहने लगे कि तू मरीज को क्यों लेकर जा रहा है जब फरियादी रामनिवास ने उन्हें समझाया कि मरीज के परिजनों की उनसे बात हो चुकी है और वे अपनी मर्जी से जा रहे हैं, तो आरोपी भूरा, आकाश सैनी और हेमराज ने गालियां देना शुरू कर दिया। गालीगलौच करने से मना किया, तो तीनों आरोपियों ने मिलकर उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी।

युवक पर चाकू से हमला

इंदौर। चंदनगर इलाके में पारिवारिक विवाद में बीच बचाव करने गए युवक पर आरोपी ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी राजनगर में हुई। पुलिस ने फरियादी उमाकांत पिता राजेश राजोरिया निवासी कुशवाह नगर की रिपोर्ट पर आरोपी राजेश गोयल और रवि सोलंकी पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने बताया कि मेरे साले अनंत के बड़े पापा राजेश गोयल व रवि सोलंकी बोले कि तुम क्यों हमारे विवाद में बीच में आए। मैंने समझाया तो दोनों ने मारपीट की। राजेश ने चाकू से हमला कर दिया।

तलवार मारकर किया घायल

इंदौर। शराब के नशे में धुत दो आरोपियों ने एक युवक पर तलवार से हमला कर घायल कर दिया। हमले के बाद आरोपी भाग गए। थाना बाणगंगा पुलिस के मुताबिक घटना नंदबाग कालोनी में हुई। घायल का नाम हर्षित वर्मा है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी शैलेंद्र सिकरवार और जितेंद्र सिकरवार निवासी नंदबाग कालोनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपी शराब के नशे में थे और गालियां बक रहे थे। उन्हें रोका तो घर के अंदर से तलवार लेकर आए और मेरे सिर पर वार कर दिया।

कार में मिली शराब, एक गिरफ्तार

इंदौर। सुपर कारिडोर से गुजर रही कार की तलाशी लेने में उसमें अवैध मात्रा में शराब मिली है। पुलिस ने कार और शराब को जप्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक पकड़ाए कार चालक का नाम रोहित राजोरिया निवासी ग्राम भेरू इमली घटिया जिला उज्जैन है। मुखबिर की सूचना पर सुपर कारिडोर से गुजर रही कार को रोका और उसकी तलाशी ली तो उसमें 65 लीटर से अधिक शराब मिली,जिसकी कीमत 39 हजार के आसपास है। पुलिस ने इस संबंध में रोहित के खिलाफ केस दर्ज कर अवैध शराब के परिवहन के संबंध में पूछताछ शुरू कर दी है। उधर नटराज गार्डन के पीछे स्थित रेलवे पटरी किनारे अवैध रूप से शराब बेच रहे सुमित भावर निवासी गाद्री नगर को 55 लीटर शराब के साथ पकड़ा है जिसकी कीमत करीब 24 हजार रूपए है।

कार चालक ने बाइक को मारी टक्कर, एक घायल

इंदौर। राऊ इलाके में तेज रफ्तार से जा रही कार के चालक ने एक बाइक चालक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से भाग गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। थाना राऊ पुलिस के मुताबिक हादसा कशिश पंजाबी ढाबे के सामने राऊ बायपास पर हुआ। गायल का नाम मानवेंद्र है।

पुलिस ने फरियादी सुमित पिता मनोज कुमार प्रजापति निवासी ग्राम बरेठ गंजबासौदा हाल मुकाम न्यूयार्क सिटी राऊ की रिपोर्ट पर पुलिस ने काले रंग की कार के अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि मैं अपने दोस्त वैद्य और मानवेंद्र सिंह के साथ बाइक पर सवार था। उसी दौरान कशिश पंजाबी ढाबे के सामने बायपास पर अज्ञात कार चालक ने तेज गति और लापरवाही से कार को रिवर्स ले लिया और चलती बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मानवेंद्र को पैर और कमर में गंभीर चोट लगी। हादसे के बाद आरोपी चालक कार लेकर न्यूयार्क सिटी की तरफ भाग गया।

ज्वेलर्स के मैनेजर से युवती ले उड़ी 10 लाख रुपए

रील और फोटो का झांसा दिया वारदात को अंजाम

इंदौर। एक ज्वैलर्स फर्म के मैनेजर बैंक में नकदी जमा कराने जा रहे थे। उसी दौरान एक पुरानी परिचित युवती ने इंस्टाग्राम रील बनाने और फोटो खिंचवाने के बहाने बातों में उलझाया और एक्टिवा की डिग्गी में 10 लाख रुपये रखवाकर फरार हो गई।

एमजी रोड पुलिस के अनुसार, फरियादी अंकित उपाध्याय सराफा स्थित सांवेरवाला ज्वैलर्स में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। गत 8अक्टूबर को दोपहर करीब 1बजे वे शोरूम का 10 लाख रुपये का कलेक्शन बैंक में जमा कराने के लिए मोपेड पर सवार होकर निकले थे। जब वे डीआरपी लाइन के पास भारतीय स्टेट बैंक के गेट पर पहुंचे, तो वहां उनकी पुरानी परिचित आयुषी बागदे उर्फ आयुषी वर्मा से मुलाकात हुई। आरोप है कि युवती ने अंकित को रोककर कहा कि वह अक्सर बड़ी रकम बैंक में जमा कराने जाता है, इसलिए आज वह पैसों के साथ फोटो खिंचवाना चाहती है और इंस्टाग्राम के लिए एक रील बनाना चाहती है।

अंकित ने पहले तो इसके लिए साफ इनकार कर दिया, लेकिन युवती की बार-बार की जिद और कसम देने पर वह खेहलतगंज स्थित उसके घर के पास जाने के लिए तैयार हो गया।युवती के घर के पास पहुंचते ही उसने अंकित से कहा कि वह रील शूट करने के लिए 10 लाख रुपये अपनी एक्टिवा की डिग्गी में रख दे। युवती ने भरोसा दिलाया कि वीडियो शूट पूरा होने के बाद वह तुरंत पैसे वापस लौटा देगी। परिचित होने के कारण अंकित ने बिना किसी संदेह के वह पूरी रकम उसकी एक्टिवा की डिग्गी में सुरक्षित रखवा दी। इसके बाद युवती घर जाने का बहाना बनाकर एक्टिवा लेकर वहां से रवाना हुई और दोबारा लौटकर नहीं आई। जब काफी देर तक युवती वापस नहीं आई और उसका संपर्क नहीं हो पाया, तब अंकित को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। उन्होंने तुरंत अपने शोरूम मालिक को घटना की पूरी जानकारी दी। इसके बाद वे एमजी रोड थाने पहुंचे और पुलिस ने पीड़ित मैनेजर की शिकायत के आधार पर आरोपी युवती आयुषी बागदे उर्फ आयुषी वर्मा के प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ऑनलाइन फॉड- 1.58 लाख की लगाई चपत

इंदौर (नगर संवाददाता)। एक व्यक्ति को सायबर अपराधियों ने ठगी का शिकार बनाते हुए उसे केडिट कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर 1.58 लाखरुपए की चपत लगा दी। मामले में बेटमा पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, ऑनलाइन धोखाधड़ी की वारदात बीते ×० जुलाई को हुई थी। मूल रूप से पन्ना जिले के ग्राम सिलगी के रहने वाले और वर्तमान में काली बिल्लौद ग्राम की एक कॉलोनी में निवास करने वाले ऋषिकेश ने पुलिस को बताया कि गत ×० जुलाई को उनके पास एक अज्ञात नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को बैंक का प्रतिनिधि बताते हुए उनके क्रेडिट कार्ड से संबंधित जानकारी और गोपनीय ओटीपी हासिल कर लिया। जैसे ही ठग ने कार्ड की पूरी जानकारी जुटाई, उसने चंद मिनटों में ही उनके बैंक खाते से ऑनलाइन माध्यम से 1 लाख 58हजार 8×6 रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर कर लिए। जब पीड़ित के मोबाइल पर बैंक खाते से इतनी बड़ी रकम कटने के मैसेज आए, तो उनके होश उड़ गए। घटना के बाद पीड़ित ने तत्काल इसकी शिकायत साइबर सेल और संबंधित थाने में दर्ज कराई।

डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 55 लाख की ठगी, तीन आरोपी गिरफ्तार

रतलाम/इंदौर। डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर 55 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में रतलाम पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने खुद को मुंबई पुलिस और अन्य जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर कुवैत में मोटर पार्ट्स का कारोबार करने वाले एक व्यक्ति को डराया और रकम विभिन्न बैंक खातों में जमा करा ली। पुलिस ने ठगी की रकम में से करीब 20 लाख रुपये होल्ड कराए हैं। पुलिस के अनुसार, रतलाम में रह रहे फरियादी को 15 सितंबर को फोन कर खुद को मुंबई पुलिस का अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने मोबाइल नंबर के कथित आपराधिक इस्तेमाल और पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े व्यक्ति से बातचीत का आरोप लगाया। इसके बाद एफआईआर और जांच का भय दिखाकर आधार कार्ड व पैन कार्ड की जानकारी हासिल की गई। अगले दिन आरोपियों ने व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर पुलिस की वर्दी पहने व्यक्तियों से बात कराई। हथियारों की तस्वीरें और सुप्रीम कोर्ट के लेटरहेड पर तैयार फर्जी दस्तावेज भेजकर कानूनी कार्रवाई का डर दिखाया। जांच और सत्यापन के नाम पर रकम जमा कराने तथा बाद में लौटाने का झांसा देकर आरटीजीएस के माध्यम से 55 लाख रुपये विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। शिकायत पर मांगकचौक थाने में प्रकरण दर्ज कर पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने बैंक खातों, लेन-देन और तकनीकी साक्ष्यों की जांच की। जांच में 35 लाख रुपये एक बैंक खाते में पहुंचने का पता चला। बैंकिंग विवरण के आधार पर एक आरोपी को हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। आगे की जांच में धारवाड़ (कर्नाटक) से दूसरा आरोपी पकड़ा गया। दूसरे बैंक खाते में पांच लाख रुपये स्थानांतरित होने के मामले में तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने करीब 20 लाख रुपये होल्ड कराए हैं। शेष रकम के लेन-देन और अन्य संभावित आरोपियों की भूमिका की जांच जारी है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि कोई वैध सरकारी जांच एजेंसी वीडियो कॉल पर डिजिटल अरेस्ट नहीं करती और न ही जांच या सत्यापन के नाम पर बैंक खाते में रकम जमा कराने को कहती है। ऐसे कॉल आने पर व्यक्तिगत या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें या cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

डायल-112 जवानों ने बालक को ढूँढ कर परिजन के सुपुर्द किया

इंदौर। थाना छत्रीपुरा क्षेत्र में माँ की डाँट से नाराज होकर घर से निकला 12 वर्षीय बालक, डायल-112 जवानों ने बालक को ढूँढ कर सुरक्षित परिजन के सुपुर्द किया। थाना छत्रीपुरा क्षेत्र में एम.ओ.जी.लाइन से एक 12 वर्षीय बालक गुम हो गया है, बालक के परिजन काफी समय से बालक को ढूँढ रहे है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना रा'य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में 11 अक्टूबर को शाम 5.×1 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल थाना छत्रीपुरा में तैनात डायल-112 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ प्रधान आरक्षक नरेश सोनी एवं पायलेट संजय रावल ने मौके पर पहुँचकर परिजन से बालक के सम्बन्ध में जानकारी और फोटो लेकर आस-पास के क्षेत्रों में तलाश करने पर, कुछ समय पश्चात बालक मिला।

डायल-112 जवानों ने बालक को सुरक्षित संरक्षण में लिया और परिजन को बुला कर, बालक द्वारा पहचान व सत्यापन उपरांत परिजन के सुपुर्द किया। परिजन द्वारा डायल-112 सेवा की प्रशंसा एवं पुलिस जवानों का धन्यवाद किया।

कार सवार दंपती को रोककर मारपीट

इंदौर। सड़क पर वाहन आगे निकालने और साइड न देने के मामूली विवाद में कार सवार बदमाशों ने एक दंपती की गाड़ी को ओवरटेक कर रोका और उनके साथ सरेराह गालीगलौच तथा मारपीट की। लसूड़िया पुलिस के अनुसार, स्कीम नंबर 136 निवासी रितिक पिता राजकुमार जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे अपनी पत्नी के साथ कार से गणेश नगर जा रहे थे। जब वे बावड़ी हनुमान मंदिर के पास पहुंचे, तो पीछे से तेज गति से आ रही एक अन्य कार के चालक ने उन्हें गलत तरीके से ओवरटेक किया और अभद्र गालियां देने लगा। जब फरियादी रितिक ने कार चालक को इस तरह गाली देने से टोका, तो आरोपी और उसका साथी तैश में आ गए। आरोपियों ने अपनी कार उनके वाहन के आगे अड़ा और दोनों नीचे उतरकर आ गए। इसके बाद आरोपियों ने रितिक और उनकी पत्नी के साथ जमकर गाली-गलौच करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी।

पिता-पुत्र ने देवर और भाभी से की मारपीट

इंदौर (नगर संवाददाता)। स्प्रे पेंटिंग के दौरान उड़े रंगों को लेकर विवाद में पिता-पुत्र ने घर के अंदर कलर आने की बात पर समझाइश देने गए एक व्यक्ति और उसकी भाभी के साथ लात-घूंसों से मारपीट कर दी। आजाद नगर पुलिस के अनुसार, मदीना नगर निवासी महबूब खान पिता अब्दुल रहमान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वे और उनकी भाभी शाकिरा बी घर पर मौजूद थे, तभी पास ही स्थित एक अलमारी के कारखाने में आरोपी अब्दुल बारी और नावेद खान मिलकर कलर स्प्रे से अलमारियों पर रंगाई कर रहे थे। स्प्रे पेंटिंग के दौरान उड़ने वाला रंग हवा के साथ सीधे फरियादी की भाभी शाकिरा के घर के अंदर तक आ रहा था, जिससे उन्हें परेशानी हो रही थी। इसी बात की शिकायत करने और समझाइश देने के लिए महबूब खान और उनकी भाभी शाकिरा दोनों आरोपियों के पास पहुंचे। उन्होंने आरोपियों से कहा कि वे अपना शटर गिराकर या सावधानी से कलर स्प्रे का काम करें ताकि दूसरों को दिक्कत न हो। इसी बात पर आरोपी नावेद और उसके पिता अब्दुल बारी आग बबूला हो गए और गालियां देने लगे। जब महबूब खान ने उन्हें गाली देने से मना किया, तो दोनों ने मिलकर उनके और उनकी भाभी शाकिरा बी के साथ हाथ-मुक्कों से तावड़तोड़ मारपीट कर दी। इस झड़प में फरियादी महबूब खान के दाहिने हाथ के अंगूठे में चोट आई है।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में ऊंचाई से गिरा छात्र

लापरवाही करने वाले स्कूल संचालक और प्रिंसिपल पर केस दर्ज

इंदौर (नगर संवाददाता)। स्कूल में जन्माष्टमी पर हुए मटकी फोड़ कार्यक्रम में 11 वीं कक्षा में पढ़ने वाला ऊंचाई से गिरकर बुरी तरह चोटिल हो गया। मामले में पुलिस ने जांच के बाद स्कूल संचालक और प्रिंसिपल पर केस दर्ज किया है। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के विदुर नगर में संचालित होने वाले द प्राइम अकादमी स्कूल श्रीराम नगर में रहने वाले सुनील वघेल का 16 वर्षीय बेटा विदुर नगर स्थित द प्राइम अकादमी में 11 कक्षा में पढता है। सुनील वघेल बताते हैं कि 4 सितंबर को जन्माष्टमी पर्व था इसके एक दिन पहले 3 सितंबर को स्कूल में मटकी फोड़ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें उनके बेटे कृष्णा वघेल (16) ने भी भाग लिया था। उसी दिन वह मटकी फोड़ कार्यक्रम में घायल हो गया। बेटा 3 से 19 सितंबर तक अस्पताल में भर्ती रहा। फिर डाक्टर बोले कि 90 प्रतिशत संभावना यही है कि अब तुम्हारा बेटा कभी चल नहीं पाएगा। डाक्टरों ने कहा उसकी गर्दन के पीछे की हड्डी(रीढ) की टूट गई है। कृष्णा को घर ले जाओ फिजियोथैरेपी कराते रहो। इसके बाद सुनील वघेल द प्राइम स्कूल पहुंचे और जानकारी निकाली तो पता चला कि मटकी करीब 20 फीट ऊपर थी। बच्चों को घेरा बनाकर खड़ा किया गया और कृष्णा बच्चों के कंधे पर चढ़कर ऊपर पहुंचा तभी बैलेंस बिगड़ा और वह सिर के बल गिर गया। थाना प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि द प्राइम अकादमी के स्कूल संचालक और प्रिंसपल पर 125 बीएनएस की धारा में केस दर्ज किया है। बच्चे का इलाज हो सके इसके लिए प्रबंधन से बात भी की है। हर संभव परिवार की मदद करेंगे।

टाइल्स लगाने का काम करते हैं पिता

सुनील वघेल ने टाइल्स लगाने का काम करते हैं उनके परिवार में बेटा कृष्णा, बेटा 10 साल की एक बेटी है। फिजियोथैरपी वाले ने एक माह के तीस हजार रूपए जमा करए हैं। हर दिन वहां तक जाने के लिए तीन सौ रूपए आटो का किराया लगता है। इनमे स्कूल से मदद मांगी थी लेकिन उन्होंने हाथ खड़े कर दिए। अब कर्ज लेकर बेटे का इलाज करा रहे हैं।

फ्लैट में घुसे चोर ले गए जेवर और नकदी

सीसीटीवी में दिखाई दिए आरोपी, पुलिस तलाश में जुटी

इंदौर (नगर संवाददाता)। पत्थर मुंडला आरटीओ रोड स्थित 6 मंजिला स्टार बेन्स बिल्डिंग में दिनदहाड़े चोरी हो गई। चोरों ने दूसरी मंजिल पर स्थित सूने फ्लैट का ताला तोडकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली। तेजाजी नगर पुलिस के अनुसार फ्लैट में रहने वाले गोलू जायसवाल रविवार दोपहर करीब 3 बजे पत्नी और दोनों बच्चों के साथ अपने बड़े भाई के घर आयोजित नवरात्रि पूजन और आरती में शामिल होने गए थे। शाम करीब 5 बजकर 11 मिनट पर पड़ोसियों ने उनके घर का मुख्य दरवाजा खुला देखा। दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

पड़ोसियों ने गोलू को फोन कर इसकी जानकारी दी।गोलू जायसवाल घर पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। बेडरूम में रखी अलमारी के लॉक टूटे हुए थे और उसमें रखे कीमती आभूषण व नकदी गायब थे। गोलू के अनुसार, चोर एक सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र, करीब आधा किलो वजनी चांदी के अलग-अलग आभूषण और नकदी ले गए। चोरी के बाद सोसाइटी के रहवासियों ने बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। इनमें तीन संदिग्ध बदमाश नजर आए। फुटेज के अनुसार, बदमाशों ने ताला तोडकर चोरी की और फरार हो गए। रहवासियों ने बताया कि इमारत में चौकीदार भी रहता है, लेकिन चोरी के समय वह वहां मौजूद नहीं था। पुलिस इस मामले में चौकीदार से भी पूछताछ करेगी।

कलाली के पास दो पक्षों में विवाद, दो घायल

इंदौर (नगर संवाददाता)। सिरपुर कलाली के पास पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच गालियों से शुरू हुआ विवाद मारपीट और पथराव तक पहुंच गया।

जिसमें दोनों तरफ से एक-एक युवक के सिर में पत्थर लगने से खून बह निकला। चंदन नगर पुलिस के अनुसार नंदनगर निवासी मनीष पिता जगदीश धनवाने ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वे सिरपुर कलाली के पास मौजूद थे, तभी पुराना विवाद होने के चलते कृष्णा उर्फ क्रिश निवासी रामानंदनगर और दीपक तिरपाल निवासी राजनगर वहां पहुंचे और उन्हें गालियां देने लगे। जब मनीष ने इसका विरोध किया, तो आरोपी कृष्णा उर्फ क्रिश ने पत्थर उठाकर उनके सिर पर दे मारा, जिससे उनके सिर से खून बहने लगा और दीपक तिरपाल ने हथियुक्कों से मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष से रामानंदनगर निवासी केतन उर्फ क्रिश सोलंकी पिता देवीलाल सोलंकी ने थाने पहुंचकर क्रॉस रिपोर्ट दर्ज कराई। केतन ने पुलिस को बताया कि मनीष धनवाने और राम अछाने निवासी गंगा बगीचा उनके पास आए और पुराने झगड़े को लेकर गालियां बकने लगे।

जब केतनने उन्हें गालियां देने से मना किया, तो मनीष धनवाने ने पत्थर उठाकर उसके सिर पर मार दिया, जिससे उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा। साथ ही, दूसरे आरोपी राम अछाने ने हाथ-मुक्कों से मारपीट कर उसकी दाहिने हाथ की कोहनी पर गंभीर चोट पहुंचाई।

पार्षद निधि से होने वाले विकास कार्यों की वार्डवार समीक्षा

इंदौर। महापौरपुष्यमित्र भार्गव द्वारा महापौर सभाकक्ष में जनकार्य विभाग के माध्यम से पार्षद निधि के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में कराए जा रहे विकास कार्यों की वार्डवार समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में जनकार्य प्रभारी राजेन्द्र राठौर, महापौर परिषद के समस्त सदस्य, पार्षदगण, अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री पी.एस. कुशवाह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। महापौर ने पार्षद निधि के अंतर्गत जनकार्य विभाग द्वारा विभिन्न वार्डों में 1 करोड़ रुपये से अधिक लागत के विकास कार्यों की संबंधित क्षेत्रीय पार्षदों के साथ विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पूर्ण हो चुके कार्यों, प्रगतिरत कार्यों तथा शेष एवं लंबित कार्यों की स्थिति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। महापौर ने निर्देशित किया कि पार्षद निधि के अंतर्गत जिन विकास कार्यों के कार्यादेश जारी हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं किए गए हैं, उन्हें तत्काल प्रारंभ कराया जाए। साथ ही, शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने ऐसे ठेकेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए, जो कार्यादेश जारी होने के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं कर रहे हैं अथवा कार्य प्रारंभ करने के बाद बीच में ही अधूरा छोड़कर चले गए हैं।महापौर ने शहर की विभिन्न कॉलोनियों एवं बस्तियों में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आवश्यकतानुसार पेचवर्क कार्य दीपावली के पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सड़कों की मरम्मत एवं आवश्यक सुधार कार्य समय-सीमा में सुनिश्चित किए जाएं। इसके साथ ही, जिन क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, वहां रेस्टोरेशन से संबंधित शेष कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए, ताकि सड़कों एवं अन्य प्रभावित स्थलों को व्यवस्थित किया जा सके और नागरिकों को परेशानी का सामना न करना पड़े। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा कार्यों की गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की आवश्यकताओं से जुड़े विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए लंबित कार्यों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए।